**विरोध** मृतक की मां को भूमि का स्थाई पट्टा और शासकीय आवास आवंटित करने की मांग

# छात्र की मौत पर एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन

**नवभारत, कटनी।** जिले के विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र में आने वाले बम्हंगवा गांव के सरकारी स्कूल के टॉयलेट की जर्जर दीवार गिरने से हुई 5वीं कक्षा के छात्र राजकुमार बर्मन की मौत का मामले में एनएसयूआई ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने शासन-प्रशासन और स्थानीय भाजपा विधायक संजय पाठक के खिलाफ नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने डिप्टी कलेक्टर ज्योति लिल्लारे को कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौंपा है। संगठन ने मृतक छात्र राजकुमार के परिवार को उचित आर्थिक मुआवजा देने की मांग की है। इसके अतिरिक्त, मृतक की मां को स्थाई भूमि का पट्टा और शासकीय आवास आवंटित करने की भी मांग की गई। एनएसयूआई ने इस लापरवाही की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने जिले के सभी शासकीय स्कूलों के जर्जर भवनों का तत्काल निरीक्षण कर मरम्मत कराने की भी बात कही, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं हो। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि प्रशासन और शिक्षा विभाग इस लापरवाही को दबाने का प्रयास कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि जब वे पीड़ित मां को न्याय दिलाने के लिए कलेक्ट्रेट आ रहे थे, तब कुछ लोगों द्वारा उन्हें रोका गया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि विधायक समर्थकों ने उनके साथ गाली-गलौज की और कई लोगों को डराया-धमकाया, ताकि वे विरोध प्रदर्शन में शामिल नहीं हो। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मृतक की मां शिव कुमारी बर्मन को भी कलेक्ट्रेट आने से रोका गया। प्रदर्शनकारियों ने विधायक की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि कुछ समय पहले कैमोर में एक भाजपा कार्यकर्ता की हत्या पर विधायक ने चंदा इकट्ठा कर आर्थिक मदद की थी। इसके विपरीत उनके ही क्षेत्र में शिक्षा विभाग की गलती से एक छात्र की मौत पर विधायक की ओर से कोई संवेदना नहीं दिखाई गई। प्रदर्शन के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में भारी पुलिस बल और फायर ब्रिगेड की तैनाती की गई थी। एनएसयूआई ने चेतावनी दी है कि समय रहते जिला प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की और पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला, तो संगठन चरणबद्ध तरीके से उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। आपको बतादें कि स्कूल के टॉयलेट की दीवार गिरने से हुई छात्र की मौत के मामले ने जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़े कर दिए है।






# अधिवक्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन, लगाया जाम

**एकतरफा कार्रवाई का आरोप, गलत धाराओं को हटाने की मांग**

**नवभारत, कटनी।** जिला न्यायालय के सामने सोमवार को अधिवक्ताओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर प्रदर्शन करते हुए जबलपुर-कटनी मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस वकीलों के खिलाफ फर्जी मुकदमे दर्ज कर रही है। प्रदर्शन से सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। प्रदर्शन के दौरान जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अमित शुक्ला ने आरोप लगाया कि पुलिस अपराध को कम करने में नाकाम साबित हो रही। अपराधियों पर कार्रवाई करने के बजाय अधिवक्ताओं पर फर्जी आपराधिक मामले दर्ज कर रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में अधिवक्ता मनु तिवारी पर दर्ज मामला इसका उदाहरण है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। गौरतलब है कि दुबे कॉलोनी में शुक्रवार रात पार्किंग को लेकर पड़ोसी नितिन चक्रवर्ती और अधिवक्ता मनु तिवारी के ड्राइवर रवि विश्वकर्मा के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद अधिवक्ता मनु तिवारी सहित 7-8 लोगों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़ और एससी-एसटी एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया।

वकीलों का कहना है कि बिना पूरी जांच के एकतरफा कार्रवाई की गई है वकीलों ने गलत धाराओं को हटाने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एक नजर में



### महापौर नगर निगम में आज करेंगी जनसुनवाई

**नवभारत, कटनी।** आम नागरिकों की नगर निगम कार्यालय से संबंधित समस्याओं, शिकायतों के तत्काल और प्रभावी निराकरण के लिए विगत 17 जनवरी से प्रारंभ की गई महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की अभिनव पहल के तहत मंगलवार 24 फरवरी को नगर निगम के मेयर इन काउंसिल सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक महापौर द्वारा जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। शहर के आम नागरिक जनसुनवाई में समस्याओं और शिकायतों से संबंधित आवेदन लेकर महापौर के समक्ष स्वयं प्रस्तुत कर सकते है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि यह पहल सुशासन, जवाबदेही से कार्य करनें की दिशा में एक मजबूत कदम है, जिससे प्रशासन और नागरिकों के बीच विश्वास बढ़ रहा है। नगर निगम प्रशासन का उद्देश्य सिर्फ समस्याएं सुनना ही नहीं, बल्कि उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित कराना है। ताकि नागरिकों को बार-बार निगम कार्यालय के चक्कर नहहीं लगाने पड़े लगाने पड़ें। उन्होने नागरिकों से जनसुनवाई कार्यक्रम का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने के लिए कहा है। उल्लेखनीय है कि महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की अभिनव पहल के तहत प्रत्येक मंगलवार को निगम कार्यालय में आयोजित होनें वाली महापौर जनसुनवाई के दौरान नागरिकों द्वारा निगम कार्यालय से संबंधित शासकीय योजनाओं, सेवाओं से संबंधित समस्याएं, जैसे स्वच्छता, जलापूर्ति, सड़क, प्रकाश व्यवस्था, अतिक्रमण, संबंधी शिकायतें सहित नगर निगम से जुड़ी समस्याएं सीधे प्रस्तुत किए जाते है जिन पर गंभरतापूर्वक सुनवाई के बाद महापौर द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों से आवेदकों की शिकायतों का निराकरण जा रहा है।

# भाजपा सिर्फ चुनावी संगठन नहीं, बल्कि विचारधारा है

**भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई कार्यशाला**

**नवभारत, कटनी।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय कटनी में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में संगठनात्मक कार्यों पर मंथन करते हुए प्रशिक्षण महाभियान 2026 के उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में नवनियुक्त जिला संगठन प्रभारी सुजीत जैन का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं को प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा सिर्फ एक चुनावी संगठन नहीं, बल्कि विचारधारा आधारित आंदोलन है। कार्यकर्ताओं को नीति, संगठनात्मक संरचना, जनसंघ के संस्कार, आईटी और सोशल मीडिया जैसे विषयों पर प्रभावी प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे समाज के बीच अधिक सक्रिय और सक्षम भूमिका निभा सकें। भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक टण्डन ने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं में सेवा, समर्पण और संगठन विस्तार की भावना को और सशक्त किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह अभियान वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के दौरान काफी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।




# पर्यटक कम खर्च में ग्रामीण परिवेश और पर्यटन स्थलों का कर सकेंगे भ्रमण

**जिले में बने 9 होम स्टे, दस निर्माणाधीन**

**नवभारत, कटनी।** जिले में पहली बार ग्रामीण परिवेश से परिपूर्ण 9 होमस्टे बनकर तैयार हो गए हैं, जबकि 10 अन्य होमस्टे निर्माणाधीन हैं। अब पर्यटक यहां कम खर्च में गांवों की नैसर्गिक सुंदरता, पारंपरिक जीवनशैली और सांस्कृतिक विरासत का आत्मीय अनुभव कर सकेंगे। इससे जिले के पर्यटन क्षेत्र को नई दिशा मिलेगी। जिले का बड़ा क्षेत्र बांधवगढ़ नेशनल पार्क के बफर जोन से जुड़ा हुआ है। साथ ही वाणसागर बैक वाटर के रमणीय दृश्य, अथाह जलराशि और आसपास स्थित प्राचीन व प्रसिद्ध मंदिरों का भ्रमण अब होमस्टे में ठहरकर सहज रूप से किया जा सकेगा। विजयराघवगढ़ और बड़वारा के ग्राम खितौली, कोनिया और जमुनिया में होमस्टे बन गए हैं। कलेक्टर आशीष तिवारी ने कहा कि होमस्टे के माध्यम से ग्रामीण जीवन की सादगी, पारंपरिक खान-पान, लोक कला, समृद्ध संस्कृति, ऐतिहासिक धरोहर की व्यापक ब्रांडिंग होगी। इस पहल से न सिर्फ पर्यटन को गति मिलेगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर टैक्सी सेवा, हस्तशिल्प, कृषि उत्पाद और अन्य गतिविधियों के माध्यम से रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के सहयोग से मानव जीवन विकास समिति द्वारा 19 होमस्टे विकसित किए जा रहे हैं। समिति के सचिव निर्भय सिंह ने बताया कि एक होमस्टे के निर्माण में लगभग 5 से 6 लाख रुपए की लागत आती है। योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान की ग्रामीण पर्यटन योजना से 2 लाख रुपए, ट्रायबल टूरिज्म परियोजना के तहत 3 लाख रुपए तक का अनुदान दिया जाता है। होमस्टे निर्माण के लिए ऐसे गांवों का चयन किया गया है जो प्रमुख पर्यटन स्थलों के निकट स्थित हैं, ताकि पर्यटकों को भ्रमण में सुविधा हो। यहां ठहरने वाले ग्रामीण, शहरी, विदेशी पर्यटक देशी भोजन, ग्रामीण संस्कृति और प्राकृतिक वातावरण का वास्तविक आनंद ले सकेंगे। होमस्टे की यह पहल न केवल पर्यटन को सशक्त बनाएगी।



# कुएं में गिरे युवक की मौत, परिजनों ने लगाया इलाज में देरी का आरोप

**रीठी थाना क्षेत्र के सेदा गांव में बकरी चराने के दौरान हुई घटना**

**नवभारत, रीठी।** जिले के रीठी थाना क्षेत्र के सेदा गांव में सोमवार को एक 18 वर्षीय युवक की कुएं में गिरने से मौत हो गई। परिजनों ने इलाज में देरी का आरोप लगाया है और अस्पताल की लापरवाही को ही मौत का कारण बताया है। अस्पताल प्रबंधन कार्रवाई की मांग की गई है। जानकारी के अनुसार, रीठी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेदा निवासी ललित पिता ब्रजभान पटेल (18) दोपहर करीब 2 बजकर 50 मिनट पर बकरी चराने के लिए खेत की ओर गया था। इसी दौरान खेत में बने एक खुले हुए में वह अचानक गिर गया घटना के समय आसपास मौजूद राहगीरों और ग्रामीणों ने युवक को कुएँ से बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि बाहर निकालते समय वह अचेत अवस्था में था और उसकी हालत गंभीर थी। परिजनों के अनुसार घटना की सूचना तत्काल एंबुलेंस सेवा को दी गई, लेकिन एंबुलेंस समय पर मौके पर नहीं पहुंच सकी। हर मिनट कीमती साबित हो रहा था। ऐसे में परिजन और ग्रामीणों ने स्वयं ही घायल किशोर को वाहन की व्यवस्था कर रीठी शासकीय अस्पताल पहुंचाया। परिजनों का आरोप है कि जब वे अस्पताल पहुंचे, उस समय कोई चिकित्सक मौजूद नहीं था। कथित तौर पर किशोर को तत्काल प्राथमिक उपचार भी नहीं मिल सका। इसी दौरान उसकी हालत और बिगड़ती गई और कुछ ही देर बाद उसकी मृत्यु हो गई। मृतक के पिता ब्रजभान पटेल ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि समय पर इलाज मिल जाता, तो उनके बेटे की जान बच सकती थी। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति पर नाराज़गी जताई है। लोगों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी बार-बार सामने आ रही है।




# वार्डों में घूमें उपयंत्री, अवैध कॉलोनी निर्माण को रोकें

**समय-सीमा की बैठक में आयुक्त ने की योजनाओं की समीक्षा**

**नवभारत, कटनी।** नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार ने सोमवार को आयोजित समीक्षा बैठक में सीएम हेल्पलाइन की ग्रेडिंग,नगर निगम के माध्यम से संचालित योजनाओं और विकास कार्यों सहित समय सीमा में दर्ज लंबित पत्रों, प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में आयुक्त ने वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त पत्रों, समय-सीमा में दर्ज लंबित पत्रों की विभागवार समीक्षा की। विभागीय अधिकारियों को लंबित पत्रों का समय-सीमा के अंदर निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागवार सीएम हेल्पलाइन की ग्रेडिंग की समीक्षा कर अधिकारियों को रोजाना प्राप्त शिकायतों को अटेंड कर गुणवत्ता युक्त निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान आयोग से प्राप्त पत्रों, न्यायालयीन प्रकरणों की समीक्षा कर निगमायुक्त ने तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रतिवेदन दर्ज कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। नगर निगम आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रेमनगर बस्ती मल्टी में कराए जा रहे विद्युतीकरण के शेष कार्य और कार्य को पूरा करने की समय-सीमा की जानकारी लेते हुए समय पर कार्य पूरा नहीं करने पर संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी किया है। आईएचएसडीपी योजना के अंतर्गत प्राप्त 690 आवेदनों पर भवन आवंटन की कार्रवाई के लिए स्थल निरीक्षण कर वर्तमान में आवासों में निवासरत हितग्राहियों की पात्रता जांच के संबंध में उपयंत्रियों द्वारा की जाने वाली कार्रवाई की प्रगति की समीक्षा कर जांच प्रतिवेदन जल्द प्रस्तुत कर नियमानुसार आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश उपयंत्रियों को दिए। बैठक के दौरान शहरवासियों को निगम के बकाया कर को जमा करने, नगर निगम की सेवाओं का आसानी से लाभ प्राप्त करने के लिए आयोजित हो रहे राजस्व वसूली शिविरों में ई-नगर पालिका ऐप का भी प्रचार-प्रसार कराते हुए, क्यूआर कोड के माध्यम से ऐप डाउनलोड करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। नगर निगम आयुक्त ने बैठक के दौरान अवैध निर्माण, कंपाउंडिंग, अवैध कॉलोनी के प्रकरणों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा भी उन्होंने की। उन्होंने उपयंत्रियों को लगातार रूप वार्डो का निरीक्षण कर अवैध कालोनी निर्माण पर रोक लगाने के लिए कहा गया। बैठक के दौरान ई-नगर पालिका के क्रियान्वयन में आ रहे परेशानियों का निराकरण एक सप्ताह में निराकरण कराने, टूरिज्म के हिसाब से खदानों के आसपास के स्थलों को विकसित करने के लिए प्राइवेट खदान संचालकों से बात करने, अवैध नल कनेक्शनों पर कार्रवाई करने, अवैध निर्माण, अवैध कॉलोनी, कंपाउंडिंग के प्रकरणों पर कार्रवाई करने, अनाधिकृत कॉलोनियों में विकास शुल्क शिविर का आयोजन करने, नदियों के सीमांकन के लिए की जाने वाली कार्रवाई को गति देकर जल्द प्रारंभ करने, विभिन्न वार्डो में प्रधानमंत्री स्वनिधि शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने, बकाया करों की वसूली कार्य में संलग्न अन्य कर्मचारियों को भी पीओएस मशीन उपलब्ध कराने सहित समस्याओं के निराकरण निर्देश दिए गए हैं।



# ब्राम्हण समाज ने कराया सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार

**सामाजिक एकता का प्रतीक बना धार्मिक आयोजन**

**नवभारत, कटनी।** ब्राह्मण समाज कटनी के तत्वावधान में सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी, वरिष्ठजनों और महिला मंडल की सक्रिय उपस्थिति रही, जिससे आयोजन धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक बन गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष राजू शर्मा, महामंत्री सूर्यकांत गौतम, बिल्लू शर्मा, विक्रांत शर्मा, संजय शर्मा, राजेंद्र गौतम, प्रभात त्रिपाठी, रामचंद्र तिवारी, राजेंद्र तिवारी, जैनेंद्र त्रिपाठी, रमेश शुक्ला, सुनील उपाध्याय, युवा अध्यक्ष सूर्यकांत मिश्रा, महामंत्री नीरज चतुर्वेदी, हिमांशु प्यासी, आयुष अवस्थी, प्रताप पांडे, अंकुश तिवारी, अंकित अग्निहोत्री, तरुण उपाध्याय उपस्थित रहे। महिला मंडल से डॉ उषा पांडेय, श्रीमती कल्पना दुबे, श्रीमती गीता पाठक, श्रीमती कांता शर्मा, श्रीमती मनीषा गौतम सहित समाज के वरिष्ठजन उपस्थित रहे।



## कीटनाशक का छिड़काव

**नवभारत, कटनी।** मौसम हो रहे बदलाव के फलस्वरूप नगर में डेंगू, मलेरिया और अन्य मौसमी बीमारियों के संभावित प्रसार को देखते हुए नगर प्रशासन द्वारा सुचारू सफाई व्यवस्था के साथ ही शहर के विभिन्न वार्डों में कीटनाशक दवा के छिड़काव, फॉगिंग का विशेष अभियान लगातार जारी है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि अभियान के तहत दो दिवसों में गणेश प्रसाद मसुरहा वार्ड, जगमोहन दास वार्ड, शिवाजी वार्ड, अंबेडकर वार्ड के विभिन्न स्थलों में स्प्रे पंप मशीन के माध्यम से कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया गया।

**सफलता** 28 फरवरी से एक मार्च तक हाट बाजार में दीदियां लगाएंगी स्टॉल

# राजधानी में महकेगा कटनी में बना हर्बल गुलाल, प्राकृतिक सुगंध, सुरक्षित त्वचा से बढ़ी मांग

**नवभारत, कटनी।** ग्रामीण महिलाओं की मेहनत और आत्मविश्वास अब प्रदेश की राजधानी तक अपनी खुशबू बिखेरने जा रहा है। जिले के बड़वारा ग्राम पंचायत के रागनी स्व-सहायता समूह द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल का स्टाल 28 फरवरी से 1 मार्च तक भोपाल के हाट बाजार में लगाया जाएगा। प्राकृतिक सुगंध, त्वचा-सुरक्षित गुणवत्ता और पर्यावरण अनुकूलता के कारण इस गुलाल की मांग लगातार बढ़ रही है। खास बात यह है कि समूह को स्थानीय स्तर पर ही लगभग 550 किलोग्राम हर्बल गुलाल का ऑर्डर मिल गया है। इन दिनों दीदियां दिन-रात मेहनत कर ऑर्डर पूरा करने में जुटी हैं, ताकि समय पर आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। कलेक्टर आशीष तिवारी ने बताया हैं कि जिले के स्व-सहायता समूहों और स्थानीय उत्पादों के विक्रय और विपणन की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। ताकि स्व-सहायता समूहों की महिलाएं और दीदियां आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। वोकल फॉर लोकल की अवधारणा को फलीभूत करते हुए जिले में स्थानीय उत्पादों की मार्केटिंग को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। समूह द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल का भोपाल में स्टाल लगने से इसकी बेहतर मार्केटिंग और ब्रांडिंग होगी। पहले सीमित आय साधनों पर निर्भर रहीं बड़वारा की महिलाएं आज प्रशिक्षण और सामूहिक प्रयासों से एक सफल लघु उद्यम चला रही हैं। आजीविका मिशन के अंतर्गत महिलाओं को उत्पादन तकनीक, पैकेजिंग, गुणवत्ता नियंत्रण और विपणन का प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद समूह ने फूलों, हल्दी, चुकंदर, पालक, गाजर और अन्य वनस्पतियों से पूरी तरह प्राकृतिक हर्बल गुलाल तैयार करना शुरू किया। यह गुलाल सुगंधित होने के साथ-साथ त्वचा के लिए सुरक्षित है, जिससे रासायनिक रंगों से होने वाली आंखों की जलन और त्वचा समस्याओं से भी बचाव होता है। हर्बल गुलाल के तौर पर पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षित होली का संदेश दे रही समूह की दीदियों का कहना है कि इस प्रयास से उनकी आमदनी तो बढ़ेगी ही |साथ ही आत्मविश्वास भी मजबूत होगा। इससे वे परिवार की आर्थिक जिम्मेदारियों में सक्रिय भूमिका निभा पाएंगी। जिला परियोजना प्रबंधक शबाना बेगम ने बताया कि रसायनयुक्त रंगों के दुष्प्रभावों को देखते हुए स्व-सहायता समूहों के माध्यम से हर्बल गुलाल का निर्माण कराया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि रागनी समूह की दीदियां 28 फरवरी से 1 मार्च तक भोपाल हाट बाजार में भी अपनी सहभागिता देंगी। बड़वारा की रागनी स्व-सहायता समूह की यह सफलता आज अन्य ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा बन रही है।







